यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

# सार्वजनिक सतर्कता नोटिस

## डीपफेक वीडियो और कपटपूर्ण निवेश योजनाओं से सावधान रहें।

यूको बैंक अपने सभी ग्राहकों और जनसाधारण को सोशल मीडिया पर प्रसारित डीपफेक वीडियो, जो लोगों को अवास्तविक और अत्यधिक उच्च रिटर्न का वादा करने वाली कपटपूर्ण निवेश योजनाओं पर विश्वास करने के लिए गुमराह करते हैं, के प्रति सावधान करता है।

ये भ्रामक वीडियो उन्नत एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करके आवाजों और दृश्यों में फेरबदल कर वास्तविक प्रतीति के उद्देश्य से बनाए जाते हैं। साइबर अपराधी ऐसी युक्तियों का उपयोग करके लोगों को गुमराह करके ऐसी योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित करते हैं, जो शीघ्र उच्च रिटर्न का झूठा आश्वासन देती हैं।

अत: जन साधारण को सतर्क करते हुए सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें तथा ऐसे भ्रामक डीपफेक वीडियो का शिकार होने से बचें। यूको बैंक विनियामक दिशानिर्देशों और नैतिक वित्तीय प्रथाओं का पालन करता है, और किसी भी अवास्तविक निवेश रिटर्न का वादा नहीं करता है।

- ✗ अवांछित निवेश प्रस्तावों में संलग्न न हों।
- ✓ हमेशा आधिकारिक एवं विश्वसनीय स्रोतों से सूचना सत्यापित करें।
- ✓ संदिग्ध संचार (कॉल / एसएमएस / व्हाट्सएप) की रिपोर्ट चक्षु पोर्टल (sancharsaathi.gov.in) पर करें।
- ✓ साइबर अपराध की रिपोर्ट 1930 पर करें और cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।
- ✓ यूको बैंक की आधिकारिक घोषणाओं के लिए हमारी वेबसाइट (www.ucobank.com) और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से अद्यतित रहें।

## सचेत रहें। सुरक्षित रहें।